पत्र संख्या–1/नीति–01/2016 - 1505

195

झारखण्ड सरकार
उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग

प्रेषक,

अविनाश कुमार,
सचिव ।

सेवा में,

सभी उपायुक्त,
झारखण्ड ।

राँची, दिनांक– 21/08/17

विषयः– **"Ease of Doing Business" के तहत विभाग द्वारा प्रदायी सेवाओं को सुचारू रूप से क्रियान्वयन कराने के संबंध में निदेश ।**

महाशय,

उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग द्वारा प्रदायी कुल 23 सेवाओं को सुविधापूर्ण एवं सुचारू ढंग से उपलब्ध कराने के लिए **"Ease of Doing Business"** योजना के तहत विभागीय बेवसाईट jhr.nic.in के अन्तर्गत JELONS (Jharkhand Excise Licenses Online System) विकसित किया गया है । इस योजना को सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने के लिए निम्नलिखित निदेश दिये जाते हैं :–

(i) दिनांक–01.09.2017 से विभाग द्वारा प्रदायी सभी सेवाओं के लिए आवेदन Online ही प्राप्त किया जाएगा । दिनांक–01.09.2017 के उपरान्त Manual Application स्वीकार नहीं किया जाय ।

(ii) Online आवेदन प्राप्त होने से लेकर आवेदन स्वीकृत होने तक यथासम्भव Upload किये गये Document की जाँच के लिए Hard Copy की माँग कर समय व्यर्थ न किया जाय । सेवाओं की भी online mode में ही आवेदक को उपलबध कराया जाय ।

(iii) जिला स्तर पर Online आवेदन प्राप्त होने के उपरान्त किसी भी कागजात के संबंध में स्पष्टीकरण एक सप्ताह के अन्दर केवल एक बार में पूछ लिया जाय ।

(iv) Online प्राप्त आवेदनों को ससमय निस्तार की जबाबदेही संबंधित पदाधिकारियों की है । "सेवा का अधिकार अधिनियम" के तहत अधिसूचित सेवाएँ समय सीमा के अन्दर प्रदान कर दी जानी है अथवा आवेदन को कारण सहित अस्वीकृत कर दिया जाना है । नियत समय सीमा के तहत आवेदन पर निर्णय नहीं लेने की स्थिति में इसे "Deemed Approval" माना जायेगा तथा ऐसी स्थिति के कारण किसी प्रतिकूल परिणाम परिलक्षित होनेपर, विलम्ब के लिए उसकी पूर्ण जिम्मेवारी संबंधित अधिकारी की होगी ।

(v) Online विधि से प्राप्त आवेदनों के निस्तार के लिये NIC द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारम्भ किया जायेगा ।

(vi) Single Window System के तहत Grievances का पूर्ण रूपेण निपटारा 5 दिनों के अन्दर कर दिया जाना है ।

विश्वासभाजन

21/8/17
(अविनाश कुमार)
सचिव ।

ज्ञापांक–1/नीति–01/2016 1505 राँची, दिनांक– 21/08/17

प्रतिलिपि :–उपायुक्त उत्पाद (मु0)/सभी सहायक आयुक्त उत्पाद, झारखण्ड/सभी अधीक्षक उत्पाद, झारखण्ड/प्रबन्ध निदेशक, झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड, राँची/राज्य समन्वयक, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र, राँची को सूचनार्थ प्रेषित ।

21/8/17
सचिव

Scanned by CamScanner